दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 07 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                 अवधिः– 15 मिनट

---

01. विनेश फोगाट को ओवर वेट होने के कारण पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित किया गया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये फोगाट को चैंपियनों में चैंपियन कहा।

03. चुनाव आयोग ने राज्यसभा उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। बिहार की दो रिक्त सीटों पर तीन सितम्बर को होगा मतदान।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

———————————————————

पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट को ओवर वेट होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है। उनका वजन निर्धारित पचास किलोग्राम से सौ ग्राम अधिक पाया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा कि रात में टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद आज सुबह फोगाट का वजन पचास किलोग्राम से सौ ग्राम अधिक था। इसके बाद उन्हें पचास किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा से बाहर होना पड़ा। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में विनेश फोगाट को सांत्वना देते हुए कहा कि यह दुखद है और उनके पास अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन हैं। वे भारत की गौरव और हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय ओलिम्पिक संघ–आई.ओ.ए. की अध्यक्ष पी.टी. उषा से भी बात की है और मामले की जानकारी मांगी है। उन्होंने विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों का पता लगाने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि श्री मोदी ने आई.ओ.ए. अध्यक्ष से विनेश फोगाट के मामले में मदद के लिए सभी विकल्पों का पता लगाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने पीटी उषा से यह भी कहा कि अगर अगर विनेश को मदद मिलती है तो उनकी अयोग्यता के संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं।

———————————————————

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारतीय ओलंपिक संघ ने पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने के लिए विश्व कुश्ती संघ में विरोध दर्ज करा दिया है। डाक्टर मांडविया ने आज लोक सभा में कहा कि केंद्र

विनेश को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से इस विषय में बातचीत की है। डाक्टर मांडविया ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ से इस बारे में सभी संभावनाएं तलाशने को कहा गया है। खेल मंत्री ने कहा कि विनेश फोगाट पचास किलोग्राम भार वर्ग में खेल रहीं थी और उनका वजन तय सीमा से सौ ग्राम अधिक पाया गया।

———बाईट———

————————————————————————————

चुनाव आयोग ने राज्यसभा उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार के दो समेत नौ राज्यों की बारह सीटों पर उप चुनाव होगा। बिहार से राजद की मीसा भारती और भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद दो सीटों पर उप चुनाव हो रहा है। उप चुनाव के लिए चौदह अगस्त को अधिसूचना जारी की जायेगी और उसी दिन से नामांकन का काम भी शुरू हो जायेगा। प्रत्याशी इक्कीस अगस्त तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी। वहीं, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि सत्ताईस अगस्त निर्धारित है। जरूरत पड़ने पर तीन सितम्बर को मतदान होगा।

————————————————————————————

सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर भर्ती के लिए आयोजित पुनर्परीक्षा के पहले दिन आज फर्जीवाड़ा करने के आरोप में चौदह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। खगड़िया में पुलिस ने छापेमारी कर सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से परीक्षा की फर्जी उत्तर कुंजी बरामद की गयी है। मौके से सत्तर अभ्यर्थियों को भी पकड़ा गया। बाद में इन सभी का सत्यापन कर परीक्षा में शामिल होने के लिए छोड़ दिया गया। दूसरी तरफ, बक्सर के डुमरांव से भी साल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इधर, कैमूर के एक छात्रावास से पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो सौ पचास अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बरामद किये गये हैं।
बांका जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने सेटिंग करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक अभ्यर्थी की भी गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————————————

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता दो सौ तीन गीगावाट तक पहुंच गई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए, श्री जोशी ने कहा कि एक सौ

पन्द्रह गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त करने की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है।

———बाईट———

2014 से मोदी जी के नेतृत्व के बाद टोटल रिन्यूएबल एनर्जी मे 165 परसेंट वृद्धि हुआ है। फ्रॉम 76 प्वाइंट 3–8 गीगा वॉट इन 2014, टुडे इट इज 203 प्वाइंट वन गीगा वॉट हुआ है। मैं अभी जैसे मैंने बताया सोलर में हम दस साल में 2014 में ओनली टू प्वाइंट 8–2 गीगा वॉट सोलर एनर्जी था। आज के दिन में 85 प्वाइंट 4–7 सोलर एनर्जी केपेसिटी है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड़ अड़तालीस लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के चौथे चरण के अंतर्गत, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, परिधान, कृषि और लॉजिस्टिक युवाओं के सबसे पसंदीदा क्षेत्र हैं।

————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा के ग्वालपाड़ा में सबसे अधिक एक सौ तिरेसठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, औरंगाबाद के कुटुम्बा में एक सौ इक्यावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में नवादा जिले में छह लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर बह रही है। सुपौल के भीम नगर कोसी बराज पर भी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

नेपाल में हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। बराज से आज शाम 5 बजे तक 2 लाख 19 हजार 85 क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। वहीं नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से कोसी नदी में 1 लाख 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यहां जलस्तर घटते क्रम में दर्ज किया गया है। जलस्तर के दबाव को देखते हुए कोसी बराज के 56 में से 24 फाटक खोले गए हैं। इधर कोसी नदी के जलस्तर में उतार चढाव के कारण पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के अंदर रह रहे लोगों को एक बार फिर से बाढ़ और कटाव की चिंता सताने लगी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है।

———बाईट———

शिवहर जिले में लालबकेया और बागमती नदी एक बार फिर उफान पर है। जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही बाढ का पानी धीरे धीरे दोनों तटबंधों के बीच फैलने लगा है। तटबंध किनारे अंदर स्थित नाला होकर बाढ के पानी का बहाव होने लगा है। बागमती में उफान आने के साथ ही तटबंधो पर पानी का दबाव बढ़ने लगा है। वहीं, बेलवा घाट से लेकर डुब्बा घाट तक दोनों बागमती तटबंध के अंदर नदी किनारों पर कटाव हो रहा है। पिपराही, रतनपुर, उकनी तथा मझौरा गांव की सीमा क्षेत्र में नदी का कटाव काफी तेज है। कटाव से धान की फसल के अलावा, केला, बांस, शीशम और सेमल के पेड़ नष्ट हो रहे हैं। बागमती विभाग द्वारा तटबंधो की सुरक्षा के लिए निरोधात्मक कार्य कराया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

इधर, गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से मात्र पच्चीस सेंटीमीटर, हाथीदह में अड़तीस सेंटीमीटर और दीघा घाट में इक्यानवे सेंटीमीटर नीचे रह गया है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण शेखपुरा जिले से होकर गुजरने वाली हरोहर और टाटी नदी उफान पर है। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता—

———बाईट———

जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड क्षेत्र में हरोहर नदी का जल स्तर बढने के बाद अब इसकी सहायक टाटी नदी भी उफान है। टाटी नदी का पानी प्रखण्ड क्षेत्र के डीहकुसुम्भा गांव के नयका टोला में फैल गया है। पानी के अन्य क्षेत्रों में भी फैलने की आशंका जतायी जा रही है। इधर, जिला प्रशासन ने जलस्तर में वृद्धि को देखते हुये कई एहतियाती उपाय किये हैं। लोगों से भयभीत नहीं होने की अपील की गयी है। प्रशासन ने लोगों के लिए सुरक्षित शरण स्थली के साथ नाव, लाइफ जैकेट और भोजन की व्यवस्था की है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

इधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के जयनगर और झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में चेतावनी के स्तर से ऊपर बह रही है।

———————————————————————

पर्यटन विभाग ने मिथिला के लोक कवि विद्यापति की जन्म स्थली मधुबनी जिले के बिस्फी गांव के विकास के लिए उन्नीस करोड़ नब्बे लाख रूपये आवंटित किया है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में विद्यापति से जुड़े अन्य स्थलों का भी विकास किया जायेगा।

———————————————————————

अररिया जिले के बसमतिया थाना क्षेत्र से एसएसबी के जवानों ने ब्राउन शुगर, नेपाली करेंसी और मोबाइल के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। वहीं, पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन क्षेत्र में एसएसबी के जवानों ने दो नेपाली युवकों के पास से नौ लाख दस हजार नेपाली रुपये बरामद किया है।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत कसियाडीह गांव से पुलिस ने सीबीआई की टीम पर हमला करने के आरोप में रामोतार महतो को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना में अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सगुना मोड़ के पास से पुलिस ने बालू भरे सत्रह ओवरलोडेड ट्रक और पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है। एसडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

———————————————————————

कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव के पास पुलिस ने एक वाहन से दो सौ छब्बीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. विनेश फोगाट को ओवर वेट होने के कारण पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित किया गया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये फोगाट को चैंपियनों में चैंपियन कहा।

03. चुनाव आयोग ने राज्यसभा उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। बिहार की दो रिक्त सीटों पर तीन सितम्बर को होगा मतदान।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।